# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 26.08.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. प्रदेश भर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनायी जा रही है श्रीकृष्ण जन्माष्टमी : मथुरा और वृंदावन में विशेष धूम, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला जारी।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज आगरा में राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा का किया अनावरण : कहा– जाति, क्षेत्रीयता और भाषा के नाम पर समाज में विभद पैदा करने की नहीं दी जायेगी छूट।
3. राज्य में एक हजार छह सौ चौरासी आंगनबाड़ी केंद्रों में की जायेगी एजुकेटर की भर्ती : सभी पचहत्तर जिलों के लिए अधिसूचना जारी।

और

4. उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने 31 अगस्त तक बढ़ाई हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट परीक्षा के लिए फार्म भरने की तारीख।

---

प्रदेश भर में आज श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व आस्था और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर बडो संख्या में श्रद्धालु मंदिरों में दर्शन करने के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं कृष्ण के जन्म स्थान मथुरा और वृंदावन में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस अवसर पर श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर, श्री बांके बिहारी मंदिर, प्रेम मंदिर, इस्कॉन मंदिर सहित कई अन्य मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया है। और विवरण हमारे प्रतिनिधि से....

*समूचे बृजमण्डल में भगवान श्रीकृष्ण का 5251वां जन्मोत्सव बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। कान्हा की जन्मभूमि को दुल्हन की तरह सजाया गया है और चहुँ ओर रंग–बिरंगी रौशनी की छटा बिखरी हुई है। इस अवसर पर लाखों श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन कर अभिभूत हो रहे हैं, वहीं नगर में प्रमुख चौराहों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। जगह–जगह भंडारे और प्याऊ का प्रबंध किया गया है। सभी चौराहों और प्रमुख मार्गों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का सिलसिला जारी है। इसके अलावा मथुरा और वृंदावन के प्रमुख मंदिर और घाटों की सजावट लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। दुनिया भर में मशहूर बांके बिहारी मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव कल मनाया जाएगा। उमर कुरैशी आकशवाणी समाचार मथुरा।*

श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कड़ी में प्रदेश भर में जगह–जगह दर्शन–पूजन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला जारी है।

काशी के प्रमुख और प्राचीन भगवान आदि केशव मंदिर में आरती उतार कर लोगों ने वैश्विक शांति और समता

मूलक समाज की कामना का संदेश दिया और नमांमि गंगे ने भगवान श्रीकृष्ण के समग्र जीवन और उनके सिद्धांतों को जीवन में उतारने का लोगों से आह्वान किया। अमरोहा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का खास उत्साह है। यहां ऐतिहासिक रामढोल शोभा यात्रा मनमोहक झांकियों के साथ निकाली जा रही है। जिले के गजरौला में ऐतिहासिक वासुदेव तीर्थ स्थल सहित सभी मंदिरों में विशेष सजावट की गई है। पीलीभीत में बांसूरी बनाने वाले मुस्लिम कारीगरों ने साम्प्रदायिक सदभाव के प्रतीक के रूप में बांसुरियां मथुरा भेजी हैं। मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण पीलीभीत की बनी बांसुरी विशेष रूप से पसंद करते थे।

उधर लखीमपुर खीरी जिले में सभी गौ–आश्रय स्थलों में साफ–सफाई की गई और गो पूजन किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि जन्माष्टमी पर्व पर गौमाता की विशेष पूजा किए जाने की परम्परा है।

बुंदेलखंड के हमीरपुर जिले में मराठाकालीन मंदिरों में बृज की तर्ज पर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। जहां सैकड़ों वर्ष पुराने बलदाऊ मंदिर और राधाकृष्ण मंदिर को संवारा और सजाया गया है। इस मंदिर में श्रीकृष्ण और राधा के साथ–साथ बलदाऊ की मूर्तियां विराजमान हैं। इन मंदिरों में 56 प्रकार का महाभोग तैयार कर आज से छह

दिनों तक आम लोगों को प्रसाद के रूप में वितरित किया जायेगा।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज आगरा में मारवाड़ के सेनापति रहे राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा का अनावरण किया। श्री योगी ने राष्ट्रवीर राठौर के देश की अस्मिता के प्रति समर्पण का जिक्र करते हुए कहा कि नई पीढ़ी को ऐसे शूरवीरों के जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को उन नकारात्मक शक्तियों से सावधान रहना चाहिए जो समाज को जाति और भाषा के नाम पर बांटते हैं। बाइट...

*आगरा ब्रज भूमि का एक महत्वपूर्ण स्थल है यहाँ कला है यहाँ विश्वास है यहाँ आस्था है यहाँ समर्पण है राष्ट्रनिष्ठा व्यक्तिगत कर्तव्यों से आगे बढ़ती है। पंचप्रण में प्रधानमंत्री जी ने कहा की गुलामी के.......समाप्त करेंगे अपने वीरों का सैनिकों का सम्मान करेंगे एकता और एकात्मता के लिए कार्य करेंगे। किसी को भी समाज में विभेद फैलाने की छूट नहीं देंगे। जाति के नाम पर क्षेत्र के नाम पर भाषा के नाम पर तमाम अन्य वादों के आधार पर बांटने वाली ताकतों से सावधान रहेंगे और अपने नागरिक कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए भारत को दुनिया की सबसे ताकत के रूप में स्थापित करेंगे।*

इस अवसर पर केन्द्रीय राज्यमंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल, प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय और कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य सहित कई जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे।

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं। ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारो का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

केन्द्र सरकार की यूनीफाइड पेंशन स्कीम–यूपीएस आगामी एक अप्रैल 2025 से लागू हो जायेगी। इस क्रम में उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल रेल प्रबंधक सचिन्द्र मोहन शर्मा ने इस योजना को कर्मचारियों के हित में बताया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के पास न्यू पेंशन स्कीम या यूनीफाइड पेंशन स्कीम में से किसी एक को चुनने का विकल्प है, लेकिन यूपीएस सुनिश्चित पेंशन की गारंटी देती है। इस स्कीम से तेइस लाख केन्द्रीय कर्मचारियों को फायदा मिलेगा। बाइट सचिन्द्र मोहन शर्मा....

*अभी सारे कर्मचारी एनपीएस में है जो 2004 के बाद जिन्होंने ज्वाइन किया है तो एक उनको विकल्प मिल रहा है की वह यूपीएस में आ जाए। यूपीएस के पाँच मोटे–मोटे फायदे हैं। एक तो ये है की फिफ्टी परसेंट पेंशन दी जाएगी। जो लास्ट ट्वेल्व महीने की सैलरी है उसके बेसेस पर यहकैलकुलेट की जाएगी और फैमली पेंशन भी है जो पेंशन कर्मचारी को*

*मिलती है। यदि डेथ हो जाएगी तो 60 प्रतिशत उसको फेमली पेंशन दी जाएगी। इसके अलावा जो मिनिमम क्वालीफाइंग सर्विस  है वह दस साल है और पच्चीस साल तक दस साल मेंभी  मिनिमम दस हजार  की पेशन तो दी ही जाएगी। इसमें जो गर्वमेंट कॉन्ट्रिब्यूशन है वो चौदह परसेंट सेबढ़ाके अब साढ़े अठारह परसेंट कर दिया गया है और इसके अलावा एक लम  सम पेमेंट भी दी जाएगी। डिपेंडिंग ऑन इयर्स ऑफ सर्विस  तो ये एडिशिनल फायदे है इसमें जो लोग रिटायर कर गए है दो हजार चार और दो हजार पच्चीस फस्ट अपैल ट्वेंटी फाइव जब से ये लागू है वो भी एक्सरसाइज कर सकते है ऑप्शन।*

——————————

बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन परिषदीय स्कूलों में संचालित किये जा रहे दस हजार छः सौ चौरासी को–लोकेटेड आंगनबाड़ी केन्द्रों में एजुकेटर रखे जायेंग। प्रदेश के सभी पचहत्तर जिलों में संविदा के आधार पर होने वाली इस भर्ती के सम्बन्ध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है। एजुकेटर के लिये वहीं पात्र होंगे, जिन्होंने यूजीसी से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक परीक्षा गृह विज्ञान म्ख्य विषय के साथ न्यूनतम पचास प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो। आरक्षित वर्ग को न्यूनतम अंकों में पांच प्रतिशत की छूट दी जायेगी।

——————————

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने बोर्ड परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ा दी है। जिन छात्रों ने हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट परीक्षा 2025 के लिए फार्म नहीं भरे हैं

वे नई समय सारिणी के अनुसार 31 अगस्त तक सौ रूपये विलम्ब शुल्क के साथ जमा कर सकते हैं। शिक्षा परिषद ने पहले फार्म भरने की तारीख 16 अगस्त तय की थी।

—————————

सत्य, न्याय और मानवता के लिए कुर्बानी देने वाले पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके 71 साथियों का चेहल्लुम आज प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में श्रद्धापूर्वक मनाया जा रहा है। राजधानी लखनऊ में नाज़िम साहब के इमामबाड़े से तालकटोरा स्थित कर्बला तक परम्परागत जुलूस–ए–चेहल्लुम निकाला गया, जिसमं बड़ी संख्या में हुसैनी अंजुमनों ने नौहाख्वानी और सीनाज़नी कर हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। जुलूस से पहले शिया धर्म गुरू मौलाना कल्बे जव्वाद नक़वी ने मजलिस को सम्बोधित करते हुए हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की कुर्बानी से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। हरदोई और अमरोहा सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी चेहल्लुम के मौके पर मातमी जुलूस निकाले गये और मजलिसों का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

—————————